Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to provide daily train from Jodhpur, Badmair, Jalour, Sirolhi, Nagore to Surat, Bengaluru, Mumbai, Pune, Chennai and Hyderabad.

श्री पी. पी. चौधरी (पाली) : सभापति महोदय, धन्यवाद । मैं आपका ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र पाली ही नहीं, बल्कि पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, सिरोही, नागौर व अन्य जिलों के रहने वाले प्रवासियों की रेल यात्रा की समस्या की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि इन जिलों के लगभग 20 लाख से अधिक लोग शिक्षा, व्यापार, नौकरी आदि के लिए सूरत, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे, चेन्नई व हैदराबाद जैसे शहरों में रहते हैं । इन लोगों का समय-समय पर अपने घर आना-जाना होता है, जिसके लिए रेल यात्रा ही एकमात्र उपयुक्त साधन है, लेकिन पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर शहर से इन स्थानों के लिए पर्याप्त रेल सुविधा नहीं है । वहां केवल साप्ताहिक या सप्ताह में दो बार ही रेल इन शहरों से आने-जाने के लिए ही उपलब्ध है । जैसे पुणे के लिए सप्ताह में एक बार, चेन्नई के लिए एक बार, हैदराबाद के लिए दो बार और बेंगलुरु के लिए भी दो बार है । उक्त ट्रेनों की वेटिंग लिस्ट काफी लंबी है । इनमें दो से तीन महीने के बाद का भी टिकट लेने पर वेटिंग ही मिलती है । उनमें मजदूर लोग भी हैं, उनको भी आने-जाने में बड़ी प्रॉब्लम होती है । इस कारण से लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।

अत: आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि इन गंतव्य स्थानों पर आने-जाने की रेल सुविधा के बारे में अध्ययन करवाते हुए, संबंधित ट्रेनों के फेरे प्रतिदिन के लिए निर्धारित करने का फैसला इस बजट सत्र में करने की कृपा करें । मैं इस मामले के लिए निरंतर प्रवासियों के संपर्क में हूं और माननीय मंत्री जी के संपर्क में भी हूं, लेकिन मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि इसमें शीघ्र कार्रवाई करके, राहत प्रदान कराएं ।